भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3271

उत्तर देने की तारीख 16 दिसंबर, 2024

सोमवार, 25 अग्रहायण 1946 (शक)

कौशल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित व्यक्ति

3271. **श्री मलैयारासन डी.:**

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कौशल भारत कार्यक्रम के आरंभ होने से अब तक तमिलनाडु में इसके अंतर्गत कुल कितने लोगों को प्रशिक्षित किया गया है;

(ख) तमिलनाडु में कौशल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत कितने प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए गए हैं और किन विशिष्ट क्षेत्रों अथवा उद्योगों के लिए कौशल प्रदान किया जा रहा है;

(ग) सरकार द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करने और कार्यक्रम के लाभार्थियों के लिए उद्योग से संबंधित प्रमाणन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या कौशल भारत कार्यक्रम में महिलाओं, भिन्न रूप से नि:शक्त व्यक्तियों और अन्य वंचित वर्गों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कोई विशिष्ट उपाय किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) विशेषकर दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर कौशल भारत कार्यक्रम के कार्यान्वयन में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है; और

(च) क्या सरकार ने इस कार्यक्रम के भावी विस्तार के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख) भारत सरकार के कुशल भारत मिशन (एसआईएम) के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) विभिन्न योजनाओं अर्थात् प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों/संस्थानों आदि के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनर्कौशल और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करना है। सिम का उद्देश्य भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना और उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल से युक्त करना है।

तमिलनाडु राज्य में एमएसडीई की योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों (टीसी) की कुल संख्या और उन प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या निम्नानुसार है:

स्कीम	प्रशिक्षण केंद्र	प्रशिक्षित उम्मीदवार
पीएमकेवीवाई	453	8,52,858
जेएसएस	9	81,838
एनएपीएस	2724*	3,21,896
सीटीएस (आईटीआई)	504^	2,10,015

*एनएपीएस योजना के तहत, डेटा प्रतिष्ठानों की संख्या से संबंधित है।

^सीटीएस योजना के तहत, डेटा सरकारी और निजी दोनों सहित आईटीआई की कुल संख्या से संबंधित है।

पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, तमिलनाडु राज्य में सबसे लोकप्रिय पांच जॉब रोल्स सिलाई मशीन ऑपरेटर, इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन (बेसिक), पारंपरिक हाथ कढ़ाई, दूरसंचार तकनीशियन और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग हैं। जेएसएस के तहत, तमिलनाडु राज्य में सबसे लोकप्रिय जॉब रोल्स असिस्टेंट ड्रेस मेकर, असिस्टेंट हैंड एम्ब्रॉयडर, ब्यूटी केयर असिस्टेंट, डोमेस्टिक केयर अटेंडेंट और हेल्पर इलेक्ट्रिकल तकनीशियन हैं।

(ग) से (च) उपर्युक्त स्कीमों के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षण महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों और अन्य हाशिए के समूहों सहित समाज के सभी वर्गों को प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण केंद्र आवश्यकता के आधार पर स्थापित किए जाते हैं। कौशल विकास कार्यक्रमों में महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों और अन्य हाशिए के समूहों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, बोर्डिंग और लॉजिंग और परिवहन लागत की प्रतिपूर्ति के संदर्भ में सामान्य लागत मानदंड (सीएनएन) में विशेष प्रावधान किए गए हैं। सीएनएन के तहत, विशेष क्षेत्रों जैसे कि पूर्वोत्तर राज्यों और पहाड़ी राज्यों में रहने वाले उम्मीदवारों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए भी विशिष्ट प्रावधान किए गए हैं। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स, खुदरा, स्वास्थ्य देखभाल, सौंदर्य एवं कल्याण, हस्तशिल्प और परिधान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं की अधिक भागीदारी को आकर्षित करने के लिए संरचित किए गए हैं। साथ ही, परियोजनाओं को स्थानीय कौशल मांगों के साथ संरेखित करने के लिए तैयार किया गया है, जिससे ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास योजना में भाग लेने और लाभ उठाने के अवसर मिल सकें। इसके अलावा, महिलाओं के लिए 324 आईटीआई और 19 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान हैं। जेएसएस स्कीम के तहत, आयु में छूट देकर महिलाओं और अन्य कमजोर वर्गों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और जुलाई 2018 से, इस योजना के अंतर्गत महिला लाभार्थियों का कवरेज कुल लाभार्थियों का लगभग 82% रहा है।

*****